भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4242

29 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए नियत

ऑटोमोबाइल उद्योग में चिप्स की कमी

4242. प्रो. सौगात राय:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या चिप्स की भारी कमी ने देश में ऑटोमोबाइल उद्योग को प्रभावित किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा चिप्स की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) से (ग) **:** महोदय, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह सूचित किया गया कि सेमीकंडक्टर्स चिप्स की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। निम्नलिखित परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है :

i) हाई पावर फ्रीक्वेंसी इलेक्ट्रॉनिकी के लिए गैलियम नाइट्राइड इकोसिस्टम इनेबलिंग सेंटर और इनक्यूबेटर की स्थापना।

ii) पीएलआई स्कीम के तहत एनएएनडी फ्लैश मेमोरी की असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) की स्थापना के लिए परियोजना।

iii) उत्पादन-सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम के तहत ट्रांजिस्टर, डायोड आदि सहित असतत सेमीकंडक्टर उपकरणों के लिए परियोजना को मंजूरी दी गई है।

iv) इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और सेमीकंडक्टर्स(एसपीईसीएस) के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए स्कीम के तहत वित्तीय प्रोत्साहन।

*****